# कानपुर बना उद्योगों का इंजन, डिफेंस कॉरिडोर में आए 12,800 करोड़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) का कानपुर नोड 12,800 करोड़ के निवेश प्रस्तावों के साथ यूपी डिफेंस कॉरिडोर के प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभरा है। यहां न केवल निवेश प्रस्तावों की होड़ लगी है, बल्कि तमाम कंपनियों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। अडानी, डेल्टा कॉम्बैट आदि प्रमुख रक्षा कंपनियों के निवेश से रक्षा उत्पादन को गति मिली है। ये जानकारी इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने दी।

## कानपुर नोड बना यूपी डिफेंस कॉरिडोर का अग्रणी निवेश केंद्र : अभिषेक प्रकाश

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा विकसित डिफेंस कॉरिडोर राज्य के छह प्रमुख नोड कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट को जोड़ता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक आधुनिक रक्षा विनिर्माण हब के रूप में विकसित करना है, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अभिषेक प्रकाश के मुताबिक कानपुर नोड ने रक्षा निवेश के लिए अग्रणी क्षेत्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। यहां कुछ कंपनियां पहले ही उत्पादन शुरू कर चुकी हैं। यूपीडा द्वारा दिसंबर में जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कानपुर नोड में अब तक 12,803.58 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और स्वीकृत 222.86 हेक्टेयर भूमि में से 210.60 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की गई है। ब्यूरो